nandgaon times sep-03-4.qxd 9/2/2025 11:55 PM Page 1

युगांतर में मम्मी एंड मी डांस... पृष्ठ 2 | सुरों के साधक एवं इंसेंटिव अवार्ड ... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मोः 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


बुधवार, 03 सितंबर 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 312, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## आदि कर्मयोगी अभियान : विकसित भारत में सशक्त होगा जनजातीय समाज : मुख्यमंत्री

**रायपुर।** देश की आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब किसी सरकार ने जनजातीय समाज के जीवन स्तर को उपर उठाने के लिए देशव्यापी अभियान छेड़ा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समाज के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार जैसे मूलभुत सुविधाओं से जोड़ने और इनका लाभ दिलाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान की शुरूआत की है। यह अभियान देशभर के 30 राज्यों में संचालित किया जा रहा है। यह अभियान देश भर के 550 से ज्यादा जिलों और 1 लाख से अधिक आदिवासी बहुल गांवों में बदलाव के लिए काम करेगी। बता दें कि जब भारत 2047 में अपनी आज़ादी के 100 वर्ष पूरा करेगा। उस समय तक विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए यह जरूरी है कि समाज का कोई भी वर्ग पीछे न छूटे। आदिवासी समाज को आगे बढ़ाए बिना यह सपना अधूरा रहेगा। आदि कर्मयोगी अभियान इस अंतर को भरने के लिए एक ठोस कदम है। यह अभियान शासन और समाज के बीच की दूरी को कम करेगा, पारदर्शिता लाएगा और योजनाओं को ज़मीनी स्तर तक पहुँचाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस



अभियान को सेवा पर्व का रूप दिया है। उनका कहना है कि यह केवल योजनाओं की जानकारी देने का प्रयास नहीं, बल्कि समाज और शासन को जोड़ने वाला पुल है। छत्तीसगढ़ में इस अभियान के लिए वृहद स्तर पर आदिकर्म योगियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये कर्मयोगी जनजातीय परिवारों से घर-घर संपर्क कर उनकी आवश्यकताओं और जरूरतों को समझेंगे तथा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करेंगे, राज्य और जिला स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। राज्य सरकार के सभी विभागों के अधिकारी इस कार्य में संवेदनशीलता के साथ सीधे जुड़ेंगे। आदिकर्मयोगी अभियान का महत्व राष्ट्रीय स्तर पर इसलिए भी है क्योंकि भारत की जनजातीय आबादी लगभग 10 करोड़ से अधिक है। इतने बड़े समुदाय को मुख्यधारा में लाए बिना 2047 तक विकसित भारत का सपना अधूरा रहेगा। यह अभियान प्रधानमंत्री की उस सोच से जुड़ा है, जिसमें हर क्षेत्र, हर समाज और हर नागरिक को विकसित भारत की यात्रा में समान अवसर देना है। भारत का विकास केवल शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं रह सकता। एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र वही कहलाएगा, जहाँ समाज के हर तबके को समान अवसर मिले और उसकी संस्कृति को उचित सम्मान दिया जाए। इसी सोच को मूर्त रूप च्आदि कर्मयोगी अभियानज् के जरिए दिया जा रहा है। यह वस्तुत: जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। छत्तीसगढ़ देश का वह राज्य है जहाँ सर्वाधिक जनजातीय जनसंख्या निवास करती है। इसीलिए इस अभियान का यहां विशेष महत्व है। आदिवासी समाज की असली चुनौती यही रही है कि अनेक योजनाएँ होते हुए भी उनकी जानकारी और लाभ ज़रूरतमंदों तक समय पर नहीं पहुँच पाते। ऐसे में लाखों कर्मयोगी स्वयंसेवक योजना और समाज के बीच सेतु बन सकेंगे। यह अभियान राज्य के 28 जिलों और 138 विकासखंडों के 6 हजार 650 गांवों में 1 लाख 33 हजार से अधिक वालंटियर्स तैयार करने का लक्ष्य रखा है। छत्तीसगढ़ में यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक पूरे राज्य में ग्राम पंचायत स्तर पर सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री राम विचार नेताम में अधिकारियों को पंचायतों में आदि सेवा केंद्र स्थापित करने और जनजातीय परिवारों को पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, छात्रवृत्ति, रोजगार, कौशल विकास जैसी सुविधाओं के लिए मार्गदर्शन और योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि इस अभियान को सेवा पर्व के रूप में मनाया जाए।

## डॉ. रमन से पोहा- मुरमुरा पर जीएसटी और मंडी शुल्क में राहत की मांग की कैट ने

### वोकल फॉरलोकल अभियान को मिलेगा बढ़ावा



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी राजनांदगांव से व्यापारी और कृषकों के प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से पोहाङ्कमुरमुरा पर जीएसटी और मंडी शुल्क में राहत देने की मांग की, और कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान बन चुके इन उत्पादों को कर राहत मिलने से किसानों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं—सभी को सीधा लाभ मिलेगा। वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान को बल देते हुए कृषक एवं व्यापारी संगठनों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से पोहाङ्कमुरमुरा पर जीएसटी व मंडी शुल्क में छूट देने की मांग की है और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान लगातार स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील कर रहे हैं। इसी क्रम में पोहाङ्कमुरमुरा जैसे घरेलू उत्पादों पर कर राहत से किसानों को धान का बेहतर मूल्य मिलेगा और उपभोक्ताओं को सस्ते दाम पर उच्च गुणवत्ता का पोहाङ्कमुरमुरा उपलब्ध होगा। कृषक कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल के नेतृत्व में अपने लोकप्रिय विधायक डॉ. रमन सिंह जी से कैट परिवार के प्रदेश संरक्षक अनिल बरड़िया, रमेश जैन, रमेश पटेल, अशोक पांडे, सुरज बुद्धदेव, लक्ष्मण लोहिया, सागर चितलाग्या, भावेश अग्रवाल, राजा माखीजा, संजय तेजवानी, पोहा मील से सुरेश खंडेलवाल, सुनील उबरानी, सुरज खण्डेलवाल, सोहन देवांगन, बसंत चितलाग्या, प्रतिक अग्रवाल, कमलेश उबरानी, राजेन्द्र जैन, विकास अग्रवाल सहित कैट के जिलाध्यक्ष राजू डागा सहित अनेक व्यापारी, उद्योगपति और कृषक ने कहा कि डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री कार्यकाल में पोहाङ्कमुरमुरा पर मंडी शुल्क से छूट दी गई थी। जिससे राज्य के साथङ्कसाथ देश और विदेश में भी इन उत्पादों की पहचान बनी। अब जीएसटी व मंडी शुल्क में राहत मिलने पर यह उद्योग और अधिक मजबूत होगा तथा किसानों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं को समान रूप से लाभ पहुंचेगा। डॉ. सिंह की पहल से यह मांग शासन स्तर पर पहुंचेगी और प्रदेश हित में सकारात्मक निर्णय होगा। उक्त जानकारी कैट के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

## सिंघोला महाकाल मंदिर में गणेश चतुर्थी पर अलौकिक दर्शन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर में भक्तों को अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है। यहां रोज सुबह और शाम होने वाली आरती में महाकाल का स्वरूप भगवान गणेश के रूप में प्रकट हो रहा है। इस अलौकिक दर्शन का लाभ उठाने भक्त बड़ी संख्या में मंदिर पहुंच रहे हैं और महाकाल-गणपति के इस अद्वितीय रूप का आनंद ले रहे हैं। श्रद्धालु इसे भगवान की विशेष कृपा मानकर भक्ति और उत्साह के साथ पूजा-अर्चना में लीन हो रहे हैं।

## आज गंज मंडी के बालाजी मंदिर से डोला यात्रा का शुभारंभ कोमल सिंह राजपूत करेंगे

### रानीसागर में मधुसूदन यादव करेंगे डोलो की अगुवानी





**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भादवा शुक्ल एकादशी जो डोल ग्यारस के नाम से प्रसिद्ध है, के दिन नगर के विभिन्न मंदिरों मैं प्राण प्रतिष्ठित भगवान राधा कृष्ण एवं बालकृष्ण भव्य डोले एवम रथ में बैठकर नगर भ्रमण करते हुए रानी सागर में जल क्रीड़ा करने पहुंचते है । आज 03 सितंबर बुधवार को नगर के श्री सत्यनारायण मंदिर , श्री बलदेव राधाकृष्ण मंदिर ( किला मंदिर ) , श्री राम जानकी बाला बाबा मंदिर , श्री मोतीनाथ मंदिर , श्री बलभद्री जमात मंदिर , श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर , श्री स्वामी जुगलकिशोर बड़े जमात मंदिर , श्री नोनी बाई मंदिर , श्री जलाराम राम मंदिर में विराजित भगवान राधाकृष्ण एवम बालकृष्ण भगवान अपने अपने मंदिरों से सज धजकर डोले अथवा रथ में विराजित होकर दोपहर 1:45 बजे तक पुरानी गंज मंडी स्थित श्री बालाजी मंदिर पहुंचेंगे । सभी देवी देवताओं का स्वागत श्री बालाजी मंदिर समिति द्वारा किया जायेगा । यहां भगवान की पूजा आरती पूर्व अध्यक्ष मंडी उपाध्यक्ष एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं साथियों द्वारा की जाएगी , पश्चात सभी डोलो को अपने हाथो से उठाकर डोला यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा । संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया, मंदिर समिति के रामावतार जोशी , सुरेश अग्रवाल , लक्ष्मण लोहिया ने जानकारी दी है कि डोला यात्रा पुरानी गंज मंडी से तिरंगा चौक , रामाधीन मार्ग , श्री श्याम मंदिर गली से कामठी लाइन , भारत माता चौक , आजाद चौक , महाकाल चौक , फौव्वारा चौक से जमात पारा होते हुए रानीसागर पहुंचेगी । यहां सभी डोलो में विराजित भगवान राधाकृष्ण एवम बालकृष्ण की अगुवानी पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव एवं उनकी टीम द्वारा करके नौका में बैठाया जायेगा । सभी भगवान रानी सागर में जल क्रीड़ा करने नौका विहार करेंगे । नौका विहार के पश्चात सभी डोले अपने अपने मंदिरों के लिए प्रस्थान करेंगे । जल क्रीड़ा महोत्सव आयोजन समिति ने नगर की धर्मप्रेमी माता - बहनों एवम बंधुओ से आग्रह किया है कि पुरानी मंडी बालाजी मंदिर की पूजा में उपस्थित होकर डोला यात्रा में शामिल हो तथा धर्म लाभ प्राप्त करें एवम अपने अपने घर के सामने प्रभु का दर्शन , पूजन कर भगवान का स्वागत अभिनंदन करते हुए डोले के नीचे से निकलकर पुण्य के भागी बने ।

## नगर निगम द्वारा गणेश विसर्जन पर व्यापक व्यवस्था

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम द्वारा गणेश विसर्जन अवसर पर मूलभुत सुविधा सहित व्यापक व्यवस्था की जा रही है। जिसके लिये निगम के अधिकारियो कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुये नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि गणेश विसर्जन पर्व पर मूलभूत दायित्वों के निर्वहन के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। जिसके तहत कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे (मो.नं. 79993-94145) को नोडल अधिकारी व सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम (मो.नं. 83197-26288) को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा (मो.नं. 83197-31636) को सहायक प्रभारी अधिकारी के साथ साथ सभी उप अभियंताओं को अलग अलग प्रभार सौपा गया है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि 6 व 7 सितम्बर 2025 को गणेश विसर्जन के लिये मोहारा नदी में निर्मित विसर्जन कुण्ड में विसर्जन कराये जाने प्रकाश व्यवस्था,मूर्ति विसर्जन के लिये क्रेन की व्यवस्था की जा रही है। विर्सजन उपरांत वेस्ट मटेरियल, पूजा समाग्री, फूल, कपडे, प्लास्टिक पेपर आदि सुरक्षित एकत्र कर पुर्नउपयोग एवं कम्पोस्टिंग आदि में भेजने के अलावा रानी सागर,सर्किट हाऊस के पास व नंदई चौक में मूर्ति लाने लेजाने के लिये वाहन की व्यवस्था की जा रही है इन सबके लिये उप अभियंताओं को सहयोगी बनाया गया है। साथ ही मोहारा रोड एवं मुख्य मार्गो में विद्युत व्यवस्था का दायित्व सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम (मो.नं. 83197-26288) को सौपा गया है एवं कंट्रोल रूम प्रभारी प्र.सहायक अभियंता श्री वसीम खान (मो.नं. 90391-70956) को बनाया गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा (मो.नं. 93039-47901) सहित उनकी टीम को शहर के सम्पूर्ण क्षेत्रो में विशेष साफ सफाई व्यवस्था एवं शहर के भीतरी इलाकों में घुमने वाले आवारा पशुओं को पकडने तथा विसर्जन के दौरान विशेष रूप से यातायात सुविधा की दृष्टि से आवारा पशुओं को पकडने आदि का दायित्व सौपा गया है।

## दीवानभेड़ी में दर्दनाक हादसा - डेढ़ साल के मासूम को ट्रक ने कुचला, गांव में 3 घंटे चक्काजाम





घनश्याम साव

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम दीवानभेड़ी में 2 सितंबर की दोपहर लगभग 12:30 बजे दर्दनाक हादसा हो गया। गांव के ही डेढ़ वर्षीय मासूम प्रांजल साहू पिता शरद साहू को काकरिया राइस मिल का बड़ा ट्रक शराब के नशे में धुत चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। पीछे के पहिये में कुचल जाने से नन्हे मासूम की मौके पर ही मौत हो गई।

**ग्रामीणों का गुस्सा फूटा**

हादसे के बाद ग्रामीणों ने आरोपी ट्रक ड्राइवर को पकड़कर जमकर पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। ड्राइवर नशे में धुत बताया गया है। मासूम की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने बस स्टैंड मुख्य मार्ग पर ही लगातार तीन घंटे तक चक्काजाम किया, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा।

**मुआवजा को लेकर हंगामा**

घटनास्थल पर एसडीएम, थाना प्रभारी, नायब तहसीलदार पहुंचे और ग्रामीणों व परिजनों से चर्चा की। इस दौरान भारी आक्रोश और नारेबाजी हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन और पुलिस पर भी लापरवाही का आरोप लगाया। राइस मिल मालिक ने पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया। शासन की ओर से 25 हज़ार रुपए की तत्काल सहायता राशि प्रदान की गई। इसी आश्वासन और सहायता के बाद ग्रामीण शांत हुए और चक्काजाम समाप्त किया गया।

**संवेदना में डूबा गांव**

प्रशासन की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई कर बच्चे का शव पोस्टमार्टम हेतु पेंड्री मेडिकल कॉलेज भेजा गया और बाद में परिजनों को सौंप दिया गया। एसडीएम और थाना प्रभारी ने कहा कि ट्रक चालक और राइस मिल प्रबंधन के खिलाफ जांच कर सख्त कार्यवाही की जाएगी। गांव में हर आंख नम थीज् एक मासूम की अकाल मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में पहुंचे जनसामान्य की सुनी शिकायत एवं समस्याएं



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, आबादी पट्टा, नामांतरण, प्रोत्साहन राशि दिलाने, सड़क मरम्मत कराने, अतिक्रमण हटाने, ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने, राशन कार्ड बनवाने, आधार कार्ड में अपडेशन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थी।

nandgaon times sep-03-4.qxd 9/2/2025 11:55 PM Page 2



# व्याख्याता सुंदरलाल ने पत्नी पर लगाया मारपीट और उत्पीड़न का आरोप

## पत्नी के व्यवहार से परेशान श्री चतुर्वेदी ने प्रशासन से लगाई सुरक्षा की गुहार

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय उच्च माध्यमिक शाला बेलरगोंदी में पदस्थ व्याख्याता सुंदरलाल चतुर्वेदी ने अपनी पत्नी नीलम चतुर्वेदी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी आए दिन शराब के नशे में धुत होकर घर में हंगामा करती है, गाली-गलौज करती है और शारीरिक उत्पीड़न तक करती है। व्याख्याता का कहना है कि लगातार हो रहे इन झगड़ों से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हुई है और अब उनका पारिवारिक जीवन संकट में है। व्याख्याता सुंदरलाल चतुर्वेदी का कहना है कि उनकी पत्नी कई बार घर का आवश्यक सामान, कपड़े और दस्तावेज़ बाहर फेंक चुकी है, जिससे उन्हें और उनके बच्चों को सार्वजनिक रूप से अपमानित होना पड़ा। 12 अप्रैल 2025 को भी कथित तौर पर नीलम चतुर्वेदी ने अवैध संबंध के शक के आधार पर रेवाडीह राजनांदगांव के एक महिला को मारपीट कर उसके सभी सामनों सहित ग्राम समाज भोलापुर में स्वयं लाई गई जहां सामाजिक निर्णय अनुसार उक्त महिला को बेसहारा होने के कारण साथ में रखना पड़ा।22 अप्रैल 25 को थाना छुरिया में नीलम द्वारा साथ में रहने की सहमति दी गई लेकिन नीलम द्वारा संयुक्त संचालक दुर्ग,जिलाधीश राजनांदगांव ,जिला शिक्षा अधिकारी महिला प्रकोष्ठ में शिकायत दर्ज कर दिया गया जिसकी जांच थाना डोंगरगांव में कर न्यायालय में जाने की राय दिया गया ।महिला प्रकोष्ठ में 20जून को राजीनामा हुआ।इसके बावजूद नीलम चतुर्वेदी द्वारा 22जून 25 को अपने पति को मारपीट कर घर से भगा दिया गया उन्होंने कहा कि आस-पड़ोस और रिश्तेदारों के सामने इस तरह के झगड़ों से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। श्री चतुर्वेदी ने आगे



कि उनकी पहली पत्नी के चले जाने के बाद वर्ष 2007 में नीलम बड़ोले अपने विवाहित पति को छोड़कर उनके पास आई । उस समय उनकी पहली शादी से तीन संतानें (दो नाबालिग बेटियां और एक बेटा) थीं। विवाह के बाद से ही नीलम का व्यवहार बच्चों और परिवार के साथ प्रतिकूल रहा और अक्सर गाली-गलौज तथा विवाद की स्थिति बनी रही। पीड़ित व्याख्याता के अनुसार, 1 अगस्त को नीलम स्कूल में जाकर गाली गलौज किया जिसकी शिकायत थाना गेंदाटोला में किया गया । 12अगस्त25 को भोलापुर में रात्री 10 बजे शराब के नशे में आकर नीलम द्वारा मारपीट किया गया जिसकी सूचना थाना छुरिया में मामला दर्ज हुआ। इतना ही नहीं, 30 अगस्त 2025 को भी नीलम ने कथित रूप से स्कूल में जाकर छात्रों को पारिवारिक पर्सनल फोटो दिखा कर अपमानित व छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया जिसकी सूचना पीड़ित व्याख्याता द्वारा 1 नवंबर 25 को थाना गैंदाटोला में किया गया है। उन्होंने ने कहा कि नीलम चतुर्वेदी अब उनपर समाचार पत्रों के माध्यम से गलत आरोप लगा कर बार-बार उन्हें मानसिक, शारीरिक और सामाजिक प्रताड़ना दे रही है जिससे जीना मुश्किल हो गया है। आरोप है कि वह शराब पीकर अश्लील गालियाँ दे कर मारपीट करती है।, जिससे उनका मानसिक संतुलन बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने ने शासन-प्रशासन और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि उन्हें और उनके बच्चों को न्याय दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि पत्नी के लगातार उत्पीड़न और मारपीट पर रोक लगाना अत्यंत आवश्यक है अन्यथा परिवार का जीवन संकट में पड़ सकता है।

## आवासीय प्रयास विधालय मे चयन

**डोंगरगढ़/ढारा ( नांदगांव टाइम्स )।** निप्र शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल ढारा के छात्र हिमेश देवांगन पिता श्री दुर्गा राम देवांगन माता श्रीमती सरस्वती देवांगन निवासी ग्राम पंचायत करेला विकास खंड खैरागढ का चयन आवासीय विद्यालय प्रयास दुर्ग के कक्षा 11वी मे चयन हुआ है । छात्र के प्रयास विधालय मे चयन होने से गांव एवं विधालय मे खुशी की लहर दौड़ गई । छात्र हिमेश द्वारा अपने इस सफलता श्रेय बड़े पापा दानी राम देवांगन शिक्षक एवं माता पिता सहित विधालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को देते है । छात्र को बधाई देते हुए ग्राम के सरपंच टाकेशवर वर्मा शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रवि यादव ने उज्वल भविष्य की कामना की है।



## बुद्धू भरदा में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत बुद्धुभरदा में भव्य रिकॉर्डिंग डांस का आयोजन गणेश उत्सव समिति के द्वारा रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य विभा साहू जनपद सभापति उमेश साहू सरपंच चांदनी साहू उप सरपंच डोमन साहू लोकेश्वर निषाद मोनू यादव सभी पंच गण सभी उपस्थित रहकर कार्यक्रम को मार्ग प्रस्तुत किया।



## मुख्यमंत्री घोषणाओं का पालन प्राथमिकता से करें - कलेक्टर

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर ने आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं का पालन प्राथमिकता से किया जाए और शासन स्तर पर कंप्लायंस समय पर भेजा जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर विलंब नहीं किया जाना चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम दलदली में आयोजित समाधान शिविर और पंडरिया में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की और प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ , अपर कलेक्टर, , सर्व एसडीएम, तहसीलदार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



## मदर एण्ड चाइल्ड डांस प्रतियोगिता का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) में मदर एण्ड चाइल्ड डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के बच्चे और उनके पालकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का थीम कृष्ण भक्ति था। बच्चे कान्हा और उनकी माता यशोदा की वेशभूषा में सुसज्जित होकर शानदार नृत्य की प्रस्तुति देकर सबका मनमोह लिया। प्री-प्रायमरी से प्रथम योग्यता साहू/प्रेमिन साहू, द्वितीय ईशांत दामले/मनीषा दामले, तृतीय अयांश कुर्रे/आरती कुर्रे सांत्वना जीविका राजपूत/रोशनी राजपूत को प्राप्त हुआ। प्रायमरी से प्रथम शौर्य यादव/दुलारी यादव द्वितीय जान्हवी गढ़पायले/अंजू गढ़पायले तृतीय स्थान धान्या साहू/पिलेश्वरी साहू को प्राप्त हुआ। शाला की प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव ने कहा कि कान्हा और यशोदा के ममत्व से आज विद्यालय प्रांगण गोकुल, मथुराधाम सा लग रहा है। उपप्राचार्य श्रीमती तामेश्वरी साहू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षकों को बधाई दी। गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, सचिव गगन लड्ढा एवं सभी पदाधिकारियों ने विजेता पालकों एवं बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



## नगर निगम में शोभा सोनी को श्रद्धांजलि दी गई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की पुर्व अध्यक्ष, समाज कल्याण बोर्ड की पुर्व अध्यक्ष एवं पुर्व महापौर श्रीमती शोभा सोनी की पांचवीं पुण्य तिथि पर आज नगर निगम सभागृह में नगर निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिहं पारस वर्मा एवं पार्षदों की उपस्थिति में उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा ने कहा कि श्रीमती शोभा सोनी जी कुशल जन नेत्री के रूप में संस्कारधानी राजनांदगांव सहित प्रदेश में अपनी पहचान बनाई थी। वैश्विक महामारी कोरोना से आकस्मिक निधन होने से हमें अपूर्णीय क्षति पहुंची है। आज उनकी पॉचवी पुण्यतिथि पर हम सब उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित करते है। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, राजा माखीजा शैंकी बग्गा डीलेश्वर साहू पार्षद गण चंद्रशेखर लश्करे सतीश साहू हेमंत शेखर यादव चंद्रकृत साहु, संतोष निर्मलकर, कुलेश्वर ध्रुव, प्रमोद झंझाडे, अभय पारख, सेवक उइके, ताराचंद साहू नरेश साहु आदि मौजूद रहे ।



## निधन

राजेश कुमार साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अत्यंत दुःखद खबर है कि कोटराभांठा ( सुरगी) के पूर्व सरपंच एवं मंडल साहू संघ मुड़पार, सुरगी के अध्यक्ष श्री जीवन लाल साहू जी के ज्येष्ठ पुत्र श्री राजेश कुमार साहू का 2 सितंबर को आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 3 सितंबर को सुबह 10 बजे कोटराभांठा( सुरगी )के मुक्तिधाम में किया जायेगा। श्रद्धेय राजेश कुमार साहू को विनम्र श्रद्धांजलि शत् शत् नमन है। हम ईश्वर से प्रार्थना है कि मृतात्मा को शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।



## रामटोला कॉलेज में लैंगिक संवेदीकरण पर सात दिवसीय कार्यशाला का समापन





**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** वीरांगना रानी अवन्ति बाई लोधी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा पीएम उषा प्रभारी डॉ. मनोज रंगारी के नेतृत्व मे सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सातवे एवं अंतिम दिवस मुख्य वक्ता के रूप मे डॉ. कविता यदु अतिथि प्राध्यापक शासकीय कुंज बिहारी महाविद्याय लाल बहादुर नगर उपस्थित रही। कार्यक्रम के प्रारम्भ मे महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य प्रो. रंजना राम द्वारा डॉ कविता यदु को पुष्पगुच्छ भेट कर उनका स्वागत किया गया। अपने व्याख्यान मे उन्होंने कहा की जेंडर एक सामाजिक पहचान है, आज की स्थिति मे लडके और लड़की मे विभेद नही किया जा सकता। उन्होंने कहा कि लड़कियां पैदा नही होती बनाई जाती है, जेंडर सेंसेटाइजेशन का महत्व बताते हुए कहा की पुरुष एवं महिलाये समान है। समाज मे हो रहे परिवर्तन को स्वीकारना होगा। विभिन्न कानूनी अधिकार की जानकारी देते हुए कहा की महिलाओ को आगे बढ़ने के लिए विभिन्न योजनाओं एवं कानूनी जानकारी समय समय पर सरकार द्वारा प्रदाय किया जाता है. बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, उज्जवला योजनाओ से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संगीता रंगारी व आभार प्रदर्शन डॉ. ज्योतिबाला बरसागढ़े ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।

## गौ माता को रेडियम बेल्ट पहनाने की पहल - सड़क सुरक्षा में कबीरधाम पुलिस का मानवीय प्रयास

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कबीरधाम पुलिस ने सड़क सुरक्षा और जनहित की दिशा में एक अभिनव और संवेदनशील पहल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस द्वारा सड़क पर बैठी अथवा अचानक सड़क पार करने वाली गौ माता को रेडियम बेल्ट पहनाने की व्यवस्था की गई है। इस मुहिम का उद्देश्य रात के समय या कम रोशनी में मवेशियों को दूर से ही दिखाई देना सुनिश्चित करना है, ताकि वाहन चालक समय रहते सावधान हो सकें और दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। अक्सर देखा गया है कि हाईवे या मुख्य मार्गों पर अचानक मवेशियों के आ जाने से वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं और गंभीर हादसे हो जाते हैं। इस स्थिति को रोकने के लिए यह एक छोटा किन्तु अत्यंत प्रभावी कदम उठाया गया है। पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। यदि समाज मिलकर आगे आए तो यह मुहिम बड़े स्तर पर सफल हो सकती है और जिले की यातायात व्यवस्था और भी सुरक्षित व सुचारु बनेगी। उन्होंने कहा कि यह केवल दुर्घटनाओं को रोकने का उपाय नहीं है, बल्कि यह पशुओं की सुरक्षा और मानवीय संवेदनशीलता का भी प्रतीक है। रेडियम बेल्ट की विशेषता यह है कि अंधेरे में यह दूर से चमक उठती है और वाहन चालकों को समय रहते सतर्क कर देती है। दिनांक बेल्ट 01.09.2025 को यातायात पुलिस कबीरधाम द्वारा लगभग 200 गौवंश को रेडियम बेल्ट पहनाया गया।



## निःशुल्क शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रशिक्षण के लिए 10 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय अग्निवीर थलसेना भर्ती 2025 अंतर्गत ऑनलाईन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले जिले के अभ्यर्थियों को जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन माह दिसम्बर 2025 अथवा जनवरी 2026 में आयोजित होना संभावित है।

**शुभांक**

**3-4-0**

**340-7 447-5**

**भाग्यांक**

**200-2 --370-0**

## डॉ. द्विवेदी को अंतर्राष्ट्रीय अकादमिक दक्षता सम्मान

### उल्लेखनीय रूप से डॉ. द्विवेदी शिक्षक दिवस पर भारत शिक्षा रत्न अवार्ड से भी सम्मानित होंगे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंतर्राष्ट्रीय अकादमिक अचीवर अवार्ड समारोह जून 22-24, 2025 को मलेशिया के क्वालाम्पुर शहर में संस्था एडविन इन कार्पोरेशन मलेशिया द्वारा आयोजित किया गया। उल्लेखनीय रूप से नगर के लोकप्रिय वरिष्ठ, शिक्षाविद एवं विचारचिंतक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी को इस भव्य समारोह में प्रमुख रूप से उनके भूगोल विषयक जनजागरूकता विचार आलेख, चिंतन टीप, व्याख्यान एवं विशेष आख्यान के लिए अकादमिक दक्षता प्रमाण पत्र एवं ट्राफी देकर सम्मान जारी किया गया। यह सम्मान प्रमाण पत्र एवं ट्राफी अंतर्राष्ट्रीय समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित डॉ. झियांग वंग उपनिदेशक मलेशिया एडविन सूचना समूह, डॉ. जोर्डन पिट्टी एडविन प्रभारी मलेशिया तथा डॉ. रत्नाकर धाबू एडविन प्रभारी भारत प्रतिनिधि के हस्ताक्षरों से जारी किया गया। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मान एवं अतिविशिष्ट कोरियर द्वारा प्राप्त होकर संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा एवं डॉ. द्विवेदी के गुरू भाई डॉ. जयसिंग साहू की विशेष उपस्थिति में बधाई एवं मंगल शुभकामनाओं के साथ प्रदान किया गया। डॉ. द्विवेदी को इस गौरव सम्मान के लिए वरिष्ठ परिजनों, मित्रों एवं सहभागी प्राध्यापकों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा के साथ विशिष्ट मंगलकामना करते हुए कोटिशः बधाईयां प्रदत्त की गई। उल्लेखनीय रूप सभी को अवगत हो कि डॉ. द्विवेदी को कर्नाटक, बैंगलोर में स्थित डॉ.राधाकृष्णनन टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन आगामी द्वारा शिक्षक दिवस पांच सितम्बर 2025 को को भारत शिक्षा रत्न एवार्ड हेतु चयनित कर आमंत्रित किया गया है। डॉ. राधाकृष्णनन टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा यह राष्ट्रीय स्तर देशभर से चयनित प्रमुख शिक्षा व्यक्तित्व को दिया जा रहा है। इस हेतु भी संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा और महाविद्यालय सहकर्मी प्राध्यापकों द्वारा चयनित होकर सम्मान के लिए कोअि-कोटि बधाई दी गई है।




**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ । के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202508095200061**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सत्रः- 2024-2025
हरनसिंघी प.ह.न. 00021 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार-भेखलाल लाउने,
अनावेदक पक्षकार

**ईश्तहार**

एतत द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक भेखलाल लाउने आ. कार्तिकराम लाउने निवासी ग्राम हरनसिंघी, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने पुत्री तृप्ति लाउने आ. भेखलाल लाउने का जन्म दिनांक 15.05.2011 को ग्राम हरनसिंघी में होने के कारण अपने पुत्री तृप्ति लाउने आ. भेखलाल लाउने का जन्म तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, चालान, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा, आधार कार्ड के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो दिनांक 12.09.2025 के पूर्व शाम 05:30 बजे तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति कर सकते हैं। समयावधि पश्चात किये गये दावा/आपत्ति पर को विचार नही किया जायेगा। यह इश्तिहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/08/2025 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार डोंगरगढ़



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 20250809220012**

मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
विषयः- ब-121
लेड़ीजोब प.ह.न. 00026 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार प्रेमचन्द पटेल,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रेमचन्द पटेल आ. धुरसिंह पटेल जाति मरार सा. लेडीजोब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र पुष्कल आ. प्रेमचन्द पटेल का जन्म दिनांक 26.08.2006 को लेडीजोब में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 15.09.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/08/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगढ़


## पिनकापार में राजा गुरु बालक दास साहेब जी की जयंती समारोह आयोजित

### 500 से अधिक पंथी कलाकार शामिल



**डोंगरगढ़/ पिंनकापार ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पिंनकापार में विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पिनकापार में राजा गुरु बालक दास साहेब जी की जयंती बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाए गई।जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव व खैरागढ़ के समस्त सतनामी समाज के पदाधिकारी गण एवं जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोड़ापे सहित जनपद सदस्य प्रीति वैष्णव भाजपा मोर्चा के जितेन्द्र गेंडरे धमतरी जिले से कोमल संभाकर, हेमेश जांगड़े, सरपंच मोहन कंवर रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप क्रांतिकारी राकेश बंजारे समाज अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सोहन बंजारे, सचिव नरेंद्र बंजारे आयोजक समिति एवं समस्त सतनामी समाज व समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से सफल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


**Office of the Executive Engineer (E/M) Division**
**Public Health Engineering Department Rajnandgaon (Chhattisgarh)**

NIT No. 06/2025-26/TS/EE/(E&M) PHED/Rajnandgaon Dated:-25-08-2025

**Notice Inviting Tender**

Sealed tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh on Form "B" for job work carried out as mentioned below from the manufacturer or their authorized dealers having previous experience of such type of work satisfactory performance report.

| S. No. | Item Name | Estimated Cost in (in Lakh) | Earnest Money (Rs) | Cost of tender document | Period to complete job work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Demounting of BEC-1 Rig from old chassis and same remounting on departmental new Ashok Leyland 1920 truck chassis (20 feet chassis) with necessary modification, repairs, fabrications and refurbishing for construction of 150mm Dia 150 meters deep borewells by DTH method, including instalation trial and testing as per details technical specification given in scope of work (Annexure-B) (rates may clearly be quoted with all taxes, charges and labour charges) | 11.623 lakh | 11630 | 750.00 | 60 Days |

1.Last date of receipt of application issue of tender documents- 24-09-2025 up to 5.30 PM
2. Last date of Sale of tender document - 25-09-2025 up to 5.30 PM
3. Last date of receipt of tender document - 26-09-2025 up to 3.00 PM
4. Date of opening Tender - 26-09-2025 at 4.00 PM

**Terms & Condition**
**1 This short NIT will be part of the agreement.**
**2 This short NIT also available in the P.H.E. Department (E/M) Division, Rajnandgaon Notice Board.**
**3 This short NIT is also available in the site of https://eproc.cgstate.gov.in**

G - 252603155/1

Executive Engineer (E/M) Dn.
Public Health Engineering Department,
Rajnandgoan (C.G.)

## ज्ञान मंथन

*1) सिकल सेल डिजीज किस प्रकार का विकार है?*
*2) सुमी नागा जनजाति मुख्य रूप से किस राज्य में पाई जाती है?*
*3) पश्चिम बंगाल का कौन सा जिला पूर्वी भारत की पहली खगोलीय वेधशाला का घर है?*
*4) मकरविलक्कु त्योहार किस राज्य में मनाया जाता है?*
*5) आंध्र प्रदेश में कारीगरों द्वारा किस आक्रामक पौधे का उपयोग पर्यावरण के अनुकूल हस्तशिल्प बनाने के लिए किया जा रहा है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) विरासत में मिला रक्त विकार (2) नागालैंड
(3) पुरुलिया (4) केरल (5) वाटर हायसिंथ

# सुरों के साधक एवं इंसेंटिव अवार्ड से सम्मानित संगीताचार्य संजू नागदेवे को दी गई भावभीनी विदाई



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ का प्रांगण उस समय भावनाओं से सराबोर हो उठा जब 30 वर्षों तक अपनी सेवाएँ विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों में समर्पित करने वाले वरिष्ठ संगीत शिक्षक संजू नागदेवे को 30अगस्त 2025 भावभीनी विदाई दी गई। यह अवसर केवल एक औपचारिक आयोजन न होकर, गुरु-शिष्य संबंध, स्नेह और आत्मीयता का अनुपम संगम बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना से हुआ। सरगम की मधुर लहरियों से सजे इस वातावरण में विद्यार्थियों ने गीत और नृत्य प्रस्तुत कर अपने प्रिय शिक्षक के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। सहकर्मी शिक्षकों ने अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि श्री नागदेवे ने जहाँ भी कार्य किया, वहाँ संगीत शिक्षा को नई ऊँचाइयाँ दीं और विद्यालय की सांस्कृतिक गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया। विद्यालय के प्राचार्य एस. के. कुजूर ने उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित करते हुए कहा—च्संगीत आत्मा की भाषा है और श्री संजू नागदेवे ने इस भाषा को अपने जीवन का आधार बनाया। विभिन्न विद्यालयों में अपनी 30 वर्षों की सेवा के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों में न केवल संगीत का संस्कार जगाया, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। उनकी सेवाएँ सदैव स्मरणीय रहेंगी। अपने उद्बोधन में भावविभोर होते हुए संजू नागदेवे,संगीत शिक्षक ने कहा—च्इन तीन दशकों की यात्रा में मुझे कई विद्यालयों में कार्य करने का अवसर मिला। हर विद्यालय ने मुझे कुछ नया सिखाया और हर विद्यार्थी ने मेरी जीवन-धुन में एक स्वर जोड़ा। आज मैं इस परिवार से विदा ले रहा हूँ, परंतु इसकी स्मृतियाँ और स्नेह जीवनपर्यंत मेरे साथ रहेंगे। गौरतलब है कि उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को देखते हुए केंद्रीय विद्यालय संगठन ने उन्हें इंसेंटिव अवार्ड से सम्मानित किया है, जो उनकी प्रतिभा और समर्पण का प्रमाण है। समापन की बेला में सहकर्मी साथियों वसीम खान, संतोष कुमार के.एस, अमिताव अधिकारी ,दीपक चंद्राकर , अमित




येड़पुड़े सहित अन्य शिक्षकों ने उन्हें भावभीनी शब्दों और पुष्पगुच्छों के साथ विदा किया।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत च्गुरु ब्रह्मा गुरुर्विष्णु...ज्ज् स्तुति ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। आँखों में नमी और हृदय में उमंग के बीच यह विदाई एक ऐसा अविस्मरणीय क्षण बन गई जिसने सबको भावुक कर दिया। अंततः एक स्वर गूँजा—च्श्री संजू नागदेवे का सरल स्वभाव, संगीत साधना और मार्गदर्शन सदैव इस विद्यालय की अमूल्य धरोहर रहेगा।

# वार्ड नंबर 30 में संचालित आरा मशीनों अवैध व्यवसाय एवं पटेल कॉलोनी की जांच की मांग

### जिले के कलेक्टर वन मंडल अधिकारी एसडीएम सहित मुख्य सचिव से शिकायत

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** वैसे तो पूरे शहर सहित जिले भर में अवैध प्लाटिंग का मामला सामने आ रहा है परंतु अवैध प्लाटिंग के साथ-साथ आरा मशीनों द्वारा लकड़ी टालों की इमारती लकड़ियों की अवैध व्यवसाय भी किया जा रहा है विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले की शिकायत एसडीएम कलेक्टर एवं वनमंडल अधिकारी सहित छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को भी किया जा चुका है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 30 में संचालित आरा मशीन में जिसमें अवैध लकड़ियों की खरीदी बिक्री किया जा रहा है वन विभाग की अनुज्ञा की बगैर प्रतिबंधित लकड़ी की खरीदी बिक्री की जा रही है जिसमें कुछ टिंबरों के द्वारा अवैध रूप से लकड़ियो का व्यापार किया जा रहा है यहां तक



अवैध रूप से ट्रैक्टर एवं अन्य माध्यम से लकड़ियां पहुंचती है जिसे रातों-रात काट पीट कर खपा दिया जाता है जो की वन संरक्षण अधिनियम के तहत एक गंभीर अपराध है विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसकी पूर्व में शिकायत किया जा चुका है लेकिन अधिकारी मामला लेनदेन कर प्रभावित कर देते हैं इनके अगर आरा मशीन टिंबर के लाइसेंस खरीदी बिक्री स्टांक एवं उपयोग की जा रही भूमि की संपूर्ण जांच अगर होगी तो बड़े खुलासे सामने आ सकते हैं इसी तरह वार्ड नंबर 30 वल्लभभाई वार्ड में स्थित पटेल कॉलोनी के नाम से पूर्व प्लाटिंग किया गया जो कि आरा मशीन रोड में स्थित है जानकारी के अनुसार उपरोक्त पटेल कॉलोनी नगर तथा ग्राम निवेश अनुविभागीय अधिकारी एवं नगर निगम से नियमाअनुसार नक्शा पास किए बगैर अवैध रूप से काटा गया है जिसमें शासन के द्वारा रोड नाली बिजली आदि की व्यवस्था की गई है किंतु शासन से कॉलोनी एक्ट का नक्शा पास करवाए बगैर अनाधिकृत रूप से कालोनी काटी गई है जिसमें राज्य शासन को करोड़ों रुपए की छति पहुंचाकर शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाई गई है जबकि वर्तमान में उपरोक्त कॉलोनी में निर्मित रोड का बटांकन आदि भी नहीं किया गया है और शासन को गुमराह किया गया है उपरोक्त पटेल कॉलोनी की समस्त दस्तावेज जो शासन के नियमानुसार कालोनी का अनुमोदित नक्शा नगर निगम की अनुमति तथा विभाग द्वारा जारी किए अनुमति की जांच की जाए तो इस पर भी बड़े फर्जीवाड़ा होने की संभावना है पत्रकारों के अंतरराष्ट्रीय संगठन आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने वार्ड नंबर 30 में संचालित आरा मशीनों अवैध व्यवसाय पटेल कॉलोनी की उच्च स्तरीय जांच की मांग किया है

## संयुक्त स्वास्थ्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ का प्रांतीय बैठक भारत रत्न स्व श्री अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में संपन्न

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** 31 अगस्त को संयुक्त स्वास्थ्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ का प्रांतीय बैठक मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में प्रांताध्यक्ष विकास कुमार यादव, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष मदनलाल साहू, उपप्रांताध्यक्ष दिलीप कुशवाहा, महामंत्री अमरु साहू, संभाग अध्यक्ष विजय दोरे, जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार भाटापारा कुबेर साहू, प्रांतीय सचिव पीटर खरे, जिला अध्यक्ष गरियाबंद विवेकानंद चंदेल, पारस कुमार सोनवान तथा जिले के समस्त केडर के कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें कर्मचारियों की विभिन्न समस्या जैसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आयुष्मान राशि वितरण में गड़बड़ी, मानव संसाधन की कमी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का लंबित समयमान वेतनमान,वेतन विसंगति,पदोन्नति कर्मचारियों के स्थानीय स्तर की समस्याओं के निराकरण और संगठन के सदस्यता तथा विस्तार के संबंध में चर्चा हुई ।जिला राजनांदगांव से लक्ष्मण सिन्हा, रामनरेश पंचकपाट एवं अध्यक्ष मुकेश ध्रुवे उपस्थित रहे।



## परिवर्तनी एकादशी पर्व पर अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** आगामी 03 सितंबर 2025, दिन बुधवार को श्री परिवर्तनी एकादशी के पावन अवसर पर ठाकुर पारा, कवर्धा स्थित निवास पर श्रीराम भक्तों की सेवा में समर्पित 37वां अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के धर्म आयोजक दिलीप सिंह (पिता स्व. श्री नरेश सिंह जी) सपरिवार हैं। यह पाठ प्रत्येक एकादशी पर आयोजित श्रृंखला का हिस्सा है। इस अवसर पर प्रातः 4 बजे से रात्रि इति-श्री तक विभिन्न श्रद्धालुजन, भक्तगण एवं रामरसिया परिवार के सदस्य क्रमवार अखंड पाठ करेंगे।



## ग्राम डिलापहरी में ग्राम सभा का गठन

ग्रामीण हित में लिए गए अहम फैसले



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम डिलापहरी में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें ग्राम सभा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सदस्यों का गठन किया गया। बैठक में ग्रामीण हितों की रक्षा व अनुशासन बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण नियमों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। ग्राम सभा के अध्यक्ष पद पर गेस नारायण वर्मा, कोषाध्यक्ष पद पर सचिव सहदेव वर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश वर्मा को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही सदस्य गण में गोविंद नारायण वर्मा, सरपंच उमेश वर्मा, छत्र कुमार वर्मा पंच, दिनेश वर्मा, जितेश्वर यादव, रेखा लऊतारै, थानुराम साहू, गेंदराम साहू, परसराम वर्मा, मनसुख नेम, नरेंद्र वर्मा, खेलन वर्मा, लक्ष्मी नारायण वर्मा और अरुण वर्मा शामिल किए गए। यदि कोई ग्रामीण अपने पालतू पशुओं को गौठान की जगह खेतों में छोड़ता है और वे किसी अन्य के खेत में पाए जाते हैं, तो पशु मालिक से ?500 का दंड लिया जाएगा। इसमें ?300 पकड़ने वाले को तथा ?200 ग्राम सभा को जमा करना होगा। दंड नहीं देने पर ग्राम सभा द्वारा ?1000 का अतिरिक्त दंड लगाया जाएगा। शराब पर रोक : यदि कोई व्यक्ति स्कूल परिसर या किसी सरकारी परिसर में शराब पीते पाया गया, तो उस पर भी दंड लगाया जाएगा। सूचित करने वाले को ?300 और ?200 ग्राम सभा को जमा होंगे। धनराशि देने से इंकार करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इन निर्णयों को सर्वसम्मति से पारित किया।

# रामपुर में नए सब स्टेशन की माँग और अर्जुनी बिजली ऑफिस की समस्याओं को लेकर जन प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक पाँच अर्जुनी की जिला पंचायत सदस्य विभा साहू के नेतृत्व में अर्जुनी बिजली ऑफ़िस से जुड़े समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। श्रीमती साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि अर्जुनी बिजली ऑफ़िस बहुत बड़े क्षेत्र 34 गाँव को बिजली प्रदान करती है जिसके अंतर्गत दो सब स्टेशन आते हैं। अर्जुनी सब स्टेशन व सोनेसरार सब स्टेशन आते हैं। जिसमें केवल तीन नियमित कर्मचारी है जो की अर्जुनी बिजली आफिस क्षेत्र में आने वाले गाँव को देखते हुए बहुत कम है। जिसके चलते फाल्ट सुधारने व मेंटेनेंस के करने में लाइनमैन को 1-2 दिन का समय लग जाता है। क्षेत्र के पंप कनेक्शन एवं घरेलू कनेक्शन भी एक साथ होने के कारण निरंतर बिजली से संबंधित समस्या लो वोल्टेज एवं बिजली गुल आए दिन गाँव में होती रहती है । जिनसे ग्रामीण जनता परेशान है। रामपुर फिडर में 11 गाँव है । एक ही फ़ीडर से ग्यारह गाँव को विद्युत सप्लाई के चलते लाइन 40 से 50 किलोमीटर लंबा होने के कारण एक गाँव में फाल्ट होने की स्थिति के चलते पूरे ग्यारह गाँव के लाइट को बंद किया जाता है। साथ ही रामपुर फ़ीडर के सभी पोल खेतों में होने की वजह से ढूंढने व सुधारने में कई दिन लग जाते हैं। श्रीमती साहू सहित उपस्थित समस्त जन प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को सौंपा सुचारु रूप अर्जुनी में बिजली ऑफ़िस को सुचारु रूप से चलाने व ग्रामीण जनता को इन समस्याओं से निजात दिलाने नियमित कर्मचारियों की संख्या बढ़ाये जाने, पंप कनेक्शन एवं घरेलू कनेक्शन दोनों को अलग किए जाने तथा रामपुर में नए सब स्टेशन स्थापित कर रामपुर के 11 गाँव को 3 फ़ीडर में बाँटे जाने की माँग की। जिस पर कलेक्टर ने नए सब स्टेशन की माँग को पूर्ण करने की बात कही। ज्ञापन सौंपते समय क्षेत्र के जनपद सदस्य रेशम लाल साहू, जनक सिन्हा सरपंच भूपेन्द्र साहू, रेखा निषाद, चाँदनी साहू डिकेश्वरी राणा, सूर्यकांत साहू, मोहन साहू संजय साहू, संजय भट्टाचार्य, संजू कौशिक, देवा साहू, लिखन साहू, तोमेश साहू , गजेंद्र साहू संदीप यादव, लिलेश्वर साहू , लोकप्रकाश साहू, डाकेश्वर साहू, कोमल साहू , रेखचंद साहू, ममता साहू, आदि उपस्थित थे,



# लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने वाले 04 आरोपियों के विरूद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** नगर में शान्ति भंग कर माहौल खराब करने वाले 04 आरोपियों को पुलिस ने धरदबोचा है और उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धारा लगाते हुए कार्यवाही की गई है। पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर डोंगरगढ़ एसडीओपी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए थाना कक्षेत्र में पुलिस टीम के द्वारा लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। इसी कड़ी में 02 सितंबर के लगभग 10:30 बजे करीब डोंगरगढ के मटन माकेट भगत सिंह चौक डोंगरगढ के पास आरोपी प्रिन्स निशाद पिता रामचन्द्र निशाद उम्र 30 साल निवासी खण्डूपारा द्वारा लपरवाही पूर्वक गाडी चलाकर राह चलते व्यक्ति से टकारा गया और साक्षियो के साथ वाद विवद करने लगा एवं आसपास के लागो के द्वारा मना करने पर लागो को लडने झगडे एव मारपीट पर उतारू हो गया था । उसी प्रकार करीब 10:45 बजे पेट्रोलिग दौरान सुचना पर मटन मार्केट भगत सिंह चौक डोंगरगढ़ के पास आरोपी सतीश चक्रवती पिता कुंज चक्रवती उम्र 24 साल निवासी कुम्हारपारा डोंगरगढ के द्वारा मटन मार्केट के पास आने जाने वालो एव दुकनदारो को बेवजह गाली गलौच कर चमका घमका रहा था जिसे मना करने पर और ज्यादा आक्रोशित होकर तुम सब को देख लुगा कहते धमका रहा था। वहीं पुलिस की सूचना मिली कि बाबा चिकन मार्केट भगत सिंह चौक डोंगरगढ के पास आरोपी राज कुमार निषाद पिता मंगला निषाद उम्र 24 साल निवासी कश्मीरीपारा वार्ड नं0 24 डोंगरगढ़ द्वारा अपने मो0सा0 क्र0 सीजी 08 ए आर 3449 को शराब के नशे में चलाते हुये आम लागो को गाली गलौच कर रथा था जिसे आम लोगो के द्वारा समझाईस देने पर नही मान रहा था तथा और आक्रोशित होकर गाली गुप्तार व मरने मारने पर उतारू हो गया था। वहीं दूसरी ओर पेट्रोलिग दौरान सुचना मिला की खुटापारा डोंगरगढ वार्ड नंबर 01 मे रहने वाले आरोपी अज्जु खान पिता स्व0 ईजराईल खान उम्र 42 साल निवासी खुटापारा वार्ड नं0 01 डोंगरगढ के द्वारा मोहल्ले मे लोगो को शिकायत किये हो मोहल्ले मे गांजा बेचता है कहकर गाली गुप्तार कर बेवजह मोहल्ले वासियो को गाली गलौच कर रहा था जिसे लागो के द्वारा समझाने पर आक्रोशित होकर गाली गलौच व मारने पिटने पर उतारू हो गया था। पुलिस द्वारा इन चारों आरोपियों के विरुद्ध नगर में शांति भंग होने का अंदेशा होने पर धारा-170/126,135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवही किया गया है।




## धर्म समाचार....

# बुधवार, गणेश उत्सव और बाप्पा के 6 प्रसिद्ध मन्दिर'

भारतीय धार्मिक मान्यताओं एवं परंपराओं में भगवान गणेश का स्थान सभी देवताओं में सर्वप्रथम पूज्यनीय माना जाता है। प्रतिवर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से अनंत चतुर्दशी तक गणेशोत्सव पुरे भारतवर्ष में धूमधाम से मनाया जाता है। गणेशोत्सव के इस पावन अवसर पर देश के अलग-अलग राज्यों में स्थित भगवान गणेश के अनेकों मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होते हैं। तों आप सभी पाठक तैयार हों जाइये हमारे साथ गणेश जी के 6 भव्य-प्रसिद्ध मंदिरों के दर्शन करने कों। और हां यात्रा के दौरान हम आपको मन्दिर से जुडी रोचक कहानियाँ भी सुनाएंगे। तों देर न करते हुए सीधे चलते हैं तीर्थ यात्रा पर :

**1. श्री सिद्धि विनायक मन्दिर, मुंबई**

यह भारत में गणेश जी के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। इस मंदिर का निर्माण 1801 में लक्ष्मण विठु और देउबाई पाटिल ने कराया था। इस मंदिर में गणपति बप्पा की प्रतिमा को काले पत्थर पर तराश कर बनाया गया है और गणपति जी अपनी दोनों पत्नी रिद्धि-सिद्धि के साथ यहां विराजमान हैं। पहले सिद्धिविनायक मंदिर की मूल संरचना काफी छोटी थी, लेकिन बाद में इस मंदिर का पुनर्निर्माण कराया गया। आज यह मंदिर पांच मंजिला बन चुका है। यहां गणेश जी को सिद्धिविनायक कहा जाता है, क्योंकि उनकी मूर्ति की सूंड़ दाईं ओर मुड़ी हुई है और सीधी पेट से जुड़ी हुई है। गणेशजी को नवसाचा गणपति भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है कि अगर आप सच्चे मन से कुछ मांगते हैं, तो वह अवश्य प्राप्त होता है। यहां रोजाना (गणेशोत्सव के अलावा भी) लाखों की संख्या में भक्त गणपति बप्पा के दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर प्रांगण में एक अस्पताल भी है, जहां लोगों का मुफ्त इलाज किया जाता है। इसके अलावा मंदिर में रसोईघर, प्रवचन मंडप और गणेश संग्रहालय भी हैं।

**2. उच्ची पिल्लैयार मन्दिर, तमिलनाडु**

तिरुचिरापल्ली के रॉकफोट के शिखर पर यह मंदिर स्थित है। पल्लवों द्वारा चट्टान को काटकर निर्मित कराए गए इस मंदिर की शैल वास्तुकला अद्भुत है। इस मंदिर की कहानी रामायण काल से जुड़ी हुई है। रावण को पराजित करने के बाद भगवान राम ने विष्णु जी की एक मूर्ति विभीषण को



लंका ले जाने के लिए दी थी। देवी-देवता ऐसा नहीं चाहते थे। इसलिए गणेश जी ने एक ग्वाले का रूप लिया और विभीषण को मूर्ति लंका ले जाने से रोका। विभीषण ने क्रोधित होकर उस ग्वाले के सिर पर वार किया, जिससे उसके सिर पर एक निशान पड़ गया। उसके बाद गणेश जी अपने असली रूप में आए। विभीषण ने उनसे माफी मांगी। आज भी इस मंदिर में स्थापित प्रतिमा के सिर पर एक निशान है। इस मंदिर तक पहुंचने के लिए 417 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। यहां रोजाना भगवान गणेश की 6 आरतियां की जाती हैं। 10 दिन का गणेश चतुर्थी उत्सव यहां बेहद धूमधाम से मनाया जाता है।



**3. कनिपक्कम विनायक मन्दिर, आंध्र प्रदेश**

चित्तूर में स्थित कनिपक्कम विनायक, गणपति का एक विशेष मंदिर है। यह मंदिर नदी के बीचों-बीच स्थित है। इस मंदिर को 11वीं सदी में चोल राजा कोलोत्तुम चोल प्रथम ने बनवाया था। बाद में 14वीं सदी के प्रारंभ में विजयनगर साम्राज्य के शासकों ने इस मंदिर का विस्तार कराया। यह मंदिर अपनी प्राचीन शिल्प कला और खूबसूरत डिजाइन के लिए विख्यात है। यहां गणेश जी की मूर्ति स्वयंभू (स्वतः प्रकट) है। लेकिन पिछले कई सालों से चमत्कार स्वरूप इस मंदिर में भगवान गणेश की मूर्ति के पेट और घुटने का आकार लगातार बढ़ रहा है। यहां ब्रह्मोत्सवम और गणेश चतुर्थी का उत्सव 21 दिनों तक चलता है। इस मंदिर को पानी के देवता का मंदिर भी कहा जाता है। तिरुपति मंदिर से 75 किलोमीटर दूर स्थित इस मंदिर में भक्त प्रथम पूज्य गणेश के दर्शन के लिए जरूर आते हैं। मान्यता है कि यहां पवित्र जल में डुबकी लगाने से सभी समस्याओं का समाधान हो जाता है।

**4. रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर, राजस्थान**

यह मंदिर राजस्थान प्रांत में सवाई माधोपुर जिले में स्थित है, जिसे 10वीं सदी में रणथंभौर के राजा हमीर ने बनवाया था। यह विश्व धरोहर में शामिल रणथंभौर दुर्ग के भीतर बना है। यहां गणेश जी को रणतभंवर रणक भंवर नाम से भी जाना जाता है। पूरी दुनिया में यह ऐसा अनूठा मंदिर है, जहां गणेश जी की मूर्ति का रंग नारंगी है और अपने पिता शिवजी के समान तीन नेत्रों को धारण करके विराजमान हैं। इसकी एक और खासियत है कि यहां भगवान गणेश के पूरे परिवार को स्थापित किया गया है। इसमें गणेश जी अपनी दोनों पत्नियों रिद्धि-सिद्धि और पुत्रों शुभ-लाभके साथ शोभायमान हैं। पौराणिक मान्यता है कि हजारों साल पहले भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणि के विवाह का निमंत्रण-पत्र इस मंदिर में भेजा गया था। तब से यह मंदिर भगवान को निमंत्रण-पत्र भेजने के लिए मशहूर है। स्थानीय लोगों के घर जब कभी शादी-ब्याह जैसा कोई मंगल कार्य होता है, तो वो सबसे पहले गणेश जी के नाम कार्ड भेजना नहीं भूलते, यानी अपना न्यौता रणथंभौर के गणेश मंदिर में देते हैं। गणेश चतुर्थी के मौके पर यहां हर साल भव्य गणेश मेला भी लगता है।

**5. बड़े गणेश जी का मंदिर, उज्जैन**

मध्य प्रदेश के उज्जैन में प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के पास स्थित बड़े गणेश जी का यह भव्य मंदिर है। इस मंदिर में स्थापित गणपति जी की प्रतिमा विश्वभर में स्थापित विशाल मूर्तियों में से एक है, जिसका निर्माण महर्षि गुरु महाराज सिद्धांत वागेश पं. नारायण जी व्यास ने करवाया था। गणपति बप्पा की इस मूर्ति में सीमेंट के बजाय गुड़ और मेथी दानों के साथ ईंट, चूने और रेत का प्रयोग किया गया है। मूर्ति को बनाने में सभी पवित्र तीर्थ स्थलों का जल और सात मोक्षपुरियों-मथुरा, द्वारिका, अयोध्या, कांची, उज्जैन, काशी और हरिद्वार से लाई हुई मिट्टी भी मिलाई गई है। इस वजह से इस मंदिर की मान्यता और बढ़ गई है।

**6. बाल गणपति मंदिर, गोवा**

गोवा के पोंडा में स्थित यह मंदिर भगवान गणेश के बाल स्वरूप को समर्पित है। जहां उनकी पूजा छोटे बच्चे के रूप में की जाती है। मंदिर का वातावरण अत्यंत शांत और भक्तिमय है, जो भक्तों को अलग तरह का आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है। मंदिर की वास्तुकला गोवा की पारंपरिक और आधुनिक शैलियों का सुंदर समायोजन है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक दर्शन के लिए आते हैं। मान्यता है कि यहां दर्शन करने से जीवन में आने वाले संकट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर यहां विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है।

**योगेश कबूलपुरिया**
**वरिष्ठ पत्रकार,**
**लेखक एवं सामाजिक विश्लेषक**

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# बिना मान्यता के चल रहा है स्कूल, डीईओ ने दबा रखा है जांच रिपोर्ट ?

## मामला भर्रीटोला के निजी संस्था फ्लॉवर वैली स्कूल का , सामने आई थी बच्चों को टीसी नहीं देने व दुर्व्यवहार समेत अन्य शिकायतें

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के मानपुर विकासखंड स्थित एक निजी स्कूल का बिना मान्यता रिनीवल के संचालित होने की जानकारी सामने आ रही है वहीं मामले की जांच होने के करीब 10 दिन बाद भी रिजल्ट नदारत है जबकि जांच कमेटी ने जिला शिक्षा अधिकारी को रिपोर्ट सौंप दी है। ऐसे में अब ये आशंका गहरा रही है कि डीईओ दफ्तर में जांच रिपोर्ट दबा दी गई है जिसके चलते परिणाम और कार्यवाही भी अटकी हुई है।

### शिक्षा का अधिकार कानून का उल्लंघन, कानून को बना दिया पैसा उगाही का जरिया ?

बता दें कि कुछ समय पहले मानपुर विकासखंड अंतर्गत भर्रीटोला में संचालित निजी संस्था फ्लॉवर वैली स्कूल में टीसी की मांग कर रहे बच्चों को टीसी नहीं देने, शिक्षा का अधिकार कानून ( आर टी ई ) के तहत उक्त स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का स्कूल छोड़ सरकारी स्कूल में भर्ती होने के बावजूद बच्चों का नाम निजी स्कूल में अंकित होने, दुर्व्यवहार समेत अन्य शिकायतें सामने आई थी। मामला सामने आने के बाद भी माह भर से अधिक समय तक कोई कार्यवाही प्रशासन द्वारा नहीं की गई। जो न केवल शिक्षा विभाग बल्कि जिला प्रशासन की भूमिका को संदेह के कटघरे में खड़ा कर रहा है।

### जानिए प्रशासन की भूमिका- कितने ईमानदार हैं आप ही तय करें.....

विगत माह भर पहले इस निजी संस्था के संबंध में उक्त मामला सामने आया। इसके बाद सप्ताह भर से अधिक समय बीत गए एक कानून के उल्लंघन के इस गंभीर मसले पर न बी ई ओ ने आवश्यक पड़ताल की न डी ई ओ ने कोई सुध ली। आखिरकार मानपुर जनपद पंचायत के शिक्षा समिति सदस्य देवानंद कौशिक ने इस प्रशासनिक उदासीनता पर संज्ञान लिया व उनके प्रयास से मानपुर बी ई ओ ने इस मामले की जांच करवाई। बी ई ओ के मुताबिक उन्होंने उक्त जांच की रिपोर्ट डी ई ओ को भेज चुकी हैं। इस रिपोर्ट को भेजे जाने




की लंबा समय बीतने के बावजूद डी ई ओ की ओर से कोई कार्यवाही नहीं हुई। आखिरकार मीडिया व शिक्षा समिति अध्यक्ष के गंभीर रुख के सामने डी ई ओ ने फ्लावर वैली स्कूल में शिक्षा का अधिकार कानून का उल्लंघन, टीसी रोकने, दुर्व्यवहार किया जाने व अन्य शिकायतों की जांच के लिए मोहला पांच सदस्यीय टीम गठित की जिसने हफ्ते भर पूर्व ही अपना कर्तव्य निभाते हुए जांच पूरी कर ली। लेकिन ये जांच रिपोर्ट कहां है, डी ई ओ को प्रस्तुत हुआ या नहीं और सबसे अहम की रिपोर्ट में ऐसा क्या है जो इसका खुलासा करने से शिक्षा विभाग कतरा रहा है ये शोचनीय विषय तो है ही बल्कि इससे जिला शिक्षा महकमे की भूमिका संदिग्ध भी प्रतीत हो रही है।

### कुछ साल से स्कूल की मान्यता ही रिनीवल नहीं हुई ? डी ई ओ की भूमिका संदिग्ध !

सूत्रों की माने तो उक्त स्कूल का विगत 2023 से मान्यता रिनीवल नहीं हुआ है। अगर ऐसा है तो ये स्कूल बिन मान्यता के संचालित हो रही है। और यदि ऐसा है तो जिला शिक्षा अधिकारी और शिक्षा विभाग की भूमिका संदेह के दायरे में आना लाज़मी है। जब लंबे समय से एक स्कूल बिना मान्यता के चल रही है तो स्थानीय व जिला शिक्षा महकमे ने इस पर आंख क्यों मूंदे रखा ? क्या आला अफसरों ने बिना मान्यता स्कूल संचालन को मौन सहमति दी ? सवाल ये भी उठ रहा है कि कहीं अपनी गैरजिम्मेदारी और कारगुज़ारियों को उजागर होने से बचाने के लिए जिम्मेदार अफसर जांच रिपोर्ट दबाए बैठे हैं और कार्यवाही से बच रहे हैं ?

### ये रहे जांच टीम में

डी ई ओ द्वारा गठित जांच टीम जिसने पूरे मामले की जांच की उक्त टीम में राजेंद्र देवांगन बीईओ मोहला, के आर चिंदे प्रिंसिपल हायर सेकेंडरी स्कूल भावसा, भेष राम रावटे प्रिंसिपल हायर सेकेंडरी स्कूल भावसा तथा शिक्षा विभाग से ही दो अन्य श्री सारस्वत व श्री सोरी शामिल रहे।


### डी ई ओ को जांच रिपोर्ट पढ़ने की फुर्सत नहीं, गैरजिम्मेदाराना जवाब

इस मसले पर डी ई ओ फत्ते राम कोसरिया का गैजिम्मेदाराना जवाब सामने आय है। डी ई ओ का कहना है कि जांच रिपोर्ट उनके पास आ गई है लेकिन उन्होंने रिपोर्ट का अध्ययन नहीं किया है। इतने गंभीर मसले पर जहां शिक्षा का अधिकार कानून की साख दांव पर लगी है एक स्कूल प्रबंधन की मनमानी और कथित दुर्व्यवहार जैसे गंभीर मसले पर डी ई ओ को रिपोर्ट पढ़ने और कार्यवाही न करने को आखिर क्या समझा जाए ?

## मोहारा फ्लाई ओवर के नीचे पूर्ण शराबबंदी हो, खुले आम शराब सेवन बंद करें सरकार

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी मोहारा फ्लाई ओवर के नीचे अक्सर झुंड के झुंड शराब सेवन करते देखना अब राहगीरों को नहीं भा रही है क्योंकि अत्यधिक शराब सेवन की वजह से मोहारा फ्लाईओवर के नीचे पानी पाउच, डिस्पोजल, शराब बोतल के कांच के टुकड़े रोड के दोनों ओर गंदगी फैली हुई है। जिससे राहगीरों एवं आसपास के रहवासियों को शराब की बदबू और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा शराब सेवन करते हुए नजर आते हैं। राहगीरों ने बताया कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में ग्रामीण जन इसी मार्ग से आवागमन करते हैं और वहां पर शराब सेवन करते हुए देखना या कहें कि शराबियों का जमावड़ा यहा पर लगा रहता है और राहगीरों को भी गाली गलौज करते रहते हैं। राजनांदगांव जिला संस्कारधानी जिला है यहा क्षेत्र के विधायक डॉ. रमन सिंह जी है।मोहारा फ्लाई ओवर के नीचे शराबियों का जमावड़ा रहना और गंदगी फैलाना कहीं ना कहीं वातावरण एवं समाज को गलत संदेश जा रहा है। राहगीरों ने शासन प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि मोहारा फ्लाईओवर के नीचे पूर्ण शराब बंदी हो।

## सिटी स्कैन मशीन का शुभारंभ 6 सितंबर को



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में 6 तारीख दिन शनिवार को प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनादगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक के कर कमलों द्वारा बहुप्रतीक्षित सिटी स्कैन मशीन का शुभारंभ किया जायेगा, इस अवसर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री जायवाल मौजूद रह सकते है।

## गणेश पर्व पर गंज गणेश उत्सव समिति में भव्य कार्येक्रम



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गणेश पर्व के अवसर पर गंज गणेश उत्सव समिति में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बहुत ही भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 11 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में दूर-दूर से तबला वादक, बंसी बजाने वाले और भजन गाने वाले कलाकार सम्मिलित हो रहे हैं।कार्यक्रम की विशेषताएं:- संध्याकाल में प्रसादी वितरण: पूरे 11 दिनों तक संध्याकाल में प्रसादी वितरण किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। - भगवान गणेश जी का अभिषेक: भगवान गणेश जी का अभिषेक दूध, दही, घी, शहद, शक्कर और दुबी के रस से किया जा रहा है, जो एक प्रमुख धार्मिक अनुष्ठान है।- मुख्य यजमान: विनायक गुप्ता और उनके सहयोगी इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान हैं, जो पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।कार्यक्रम का महत्व: गणेश पर्व के दौरान आयोजित इस कार्यक्रम



में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं और भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना करते हैं। यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक एकता और सामुदायिक भावना को भी बढ़ावा देता है।


Factory outlet
GRANITES
51/- Fit starting
BAMLESWARI
GRANITE
GRAM - DUNDERA
Man Road
DONGARGARH (C G)
8955662848 Bharat singh


## मां महालक्ष्मी गौरा गौरी की प्रतिमा स्थापित कर की पूजा

**भिलाई /राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** ट्विनसिटी में विभिन्न स्थानों पर मां महालक्ष्मी गौरा-गौरी की प्रतिमा स्थापना कर विधिवत पूजा अर्चना की गई। प्रशांत कुमार क्षीरसागर ने बताया कि महाराष्ट्रीयन परिवारों के लिए यह बड़ा त्योहार के रूप में मनाया जाता है। धन और समृद्धि के साथ ही घर में सुख, शांति के लिए यह पर्व मनाया जाता है। अष्टमी के दिन महालक्ष्मीजी को छप्पन भोग लगाया जाता है। सोलह सब्जियों को एक साथ मिलाकर भोग लगाया जाता है। साथ ही ज्वार के आटे की अम्बिल और पूरन पोली का महाप्रसाद प्रमुख होता है। भिलाई स्टील सिटी के विभिन्न सेक्टरों में



स्थापित महालक्ष्मी की प्रतिमा।. प्रतिमा गोंदे व नीता गोंदे रजनी गोंदे भिलाई निवासी ने बताया की यहा पर महालक्ष्मी हम सब महाराष्ट्रीयन परंपरा रीती रिवाज भक्ती भाव से श्री महालक्ष्मी जी का पूजन किया जाता है घरो को सुंदर से सजाया जाता है देवी महालक्ष्मी व बेटी की तरह उनका स्वागत किया जाता है जो भी भक्त मन और श्रद्धा से पूजा करता है आशीर्वाद धनसंपन्न सुख समृद्धी कीप्राप्ती एवम आशीर्वाद फ्ल की प्राप्ती होती है उषा क्षीरसागर ने बताया आंबील और महाराष्ट्रीयन कडी का विशेष प्रसाद का प्रसाद प्रथमदिन महालक्ष्मी का आगमन दुसरे दिन पारंपरिक भोजन प्रसाद घर के सभी महिलाये 16 प्रकार की सब्जी चटणी प्रसाद मिठाई व्यंजन तयार करती है दुसरे दिन सभी परिवार के सदस्य मित्र पूजा अर्चना के बाद आंबील और पुरणपोळी भुजिया करंजी का सभी को प्रसाद सभी को बाटा जाता है श्री महालक्ष्मी जी की जय हो जय महा गोरी माता की जय हो जय जय कार . जय घोष किया गया इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रतिमा गोंदे वनिता गोंदे रजनी गोंदे भरत गोंदे नरेश गोंदे सहपरिवार प्रशांत कुमार उषा क्षीरसागर मित्र बंधू उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक कल्याण संघ दो सूत्रीय मांग को लेकर शिक्षा मंत्री से मिला



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु शर्मा,प्रदेश महा मंत्री मुकुन्द केशव उपाध्याय ने संयुक्त रूप से बताया कि हमारे दो सूत्रीय बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर शिक्षा मंत्री माननीय गजेंद्र यादव से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया पुरस्कृत संघ के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु शर्मा ने माननीय मंत्री जो को बताया कि पुरस्कृत शिक्षकों की सेवानिवृत्ति 62 वर्ष के स्थान पर 65 वर्ष किया जावे। पुरस्कृत शिक्षकों को आउट ऑफ टर्न (पारी बाहर) पदोन्नति दिया जावे। प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने आगे बताया कि मध्यप्रदेश में इस प्रकार की सुविधा बहुत पहले से दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी यह लाभ दिया जाता है तो इसमे किसी भी प्रकार की छत्तीसगढ़ शासन को वित्तीय भार नही आएगा। प्रदेश म्हांत्री मुकुन्द उपाध्याय ने कहा शिक्षकों को प्रत्येक वर्ष डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिवस पर शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य के कारण महामहिम राष्ट्रपति व राज्यपाल जी के द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। छत्तीसगढ़ शासन से छत्तीसगढ़ राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक कल्याण संघ दो सूत्रीय मांग को पूरा करने की अपील किया गया है।


सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092


# कन्या छात्रावास में घुसकर बीईओ की अभद्रता, मानपुर बीईओ पर लगे गंभीर आरोप!

## छात्रावास अधीक्षिका ने लगाया अभद्रता व मानसिक प्रताड़ना का आरोप, जनदर्शन में हुई शिकायत,कन्या छात्रावास में घुसकर चतुर्थश्रेणी और बच्चों के साथ अभद्रता

**मोहला,मानपुर,चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में शिक्षा विभाग पूरी तरह से चरमरा गई है,यहाँ नियम नही अफ़सरगिरी का कानून लागू होता है, शिक्षा का स्तर ऊंचा ककरने की बजाए अधिकारी जिले को गर्त में डालते नज़र आ रहे है । इस बार मानपुर ब्लाक के विकासखंड शिक्षा अधिकारी पर गंभीर आरोप लगे है, प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास खड़गांव/आदिवासी कन्या आश्रम पैंदुर की प्रभारी अधीक्षिका आशा सिन्हा और छात्रावास स्टाफ ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की है, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मानपुर के खिलाफ शिकायत में आरोप लगाया है की बिना अनुमति के छात्रावास में पहुचकर स्टाफ और बच्चों से अभद्र व्यवहार करते हुए छात्राओं और स्टॉफ पर दबाव बनाकर अधीक्षिका के खिलाफ अव्यवहारिक बाते बोलकर भड़काने और निरीक्षण पंजी में टिप लिखकर प्रभार छोड़ने का दबाव बनाया गया, साथ ही कन्या माध्यमिक शाला खड़गांव




पहुँचकर छात्रावास के बच्चों को खड़े कराकर अधिक्षिका के खिलाफ भड़काया गया और अधिक्षिका की लापरवाही बोलकर बच्चों को उकसाया गया ।

**छात्रावास में अपने चहेते को प्रभार देने का आरोप**

विकासखंड शिक्षा अधिकारी पर अपने चहेते को छात्रावास में प्रभार देने का आरोप लगाया ,शिकायत में आरोप लगाया गया कि पैंदुर और खड़गांव छात्रावास के प्रभार में कार्यरत अधिक्षिका आशा सिन्हा को बिना सूचना दिए हटाने प्रस्ताव पारित कर वॉट्सअप से भेजा गया तथा अपने चहेते शिक्षिकाओं को भेजा गया साथ ही तत्काल प्रभार देने दबाव बनाया गया, शिकायत में अधीक्षिका पर मानसिक दबाव, स्टाफ और बच्चों को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की गई है।

मानपुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एआर कौर ने बताया कि आरोप निरधार है पैंदुर छात्रावास में शिक्षिका सोमलता देवांगन साथ रहा हु तथा स्कूल में स्टाफ मौजूद थे छात्राओं को छात्रवृत्ति के संबंध में अवगत कराया तथा छात्रावास कर्मचारियों ने अपनी समस्या बताई और वेतन न मिलने की जानकारी दी।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com